थी कि बोफोर्स तोप सौदे मे शामिल दलालों के नाम 15 दिन के भीतर उजागर कर दिये जायेंगे ;

(ख) यदि हां, तो यह वक्तव्य किस तारीख को दिया गया था तथा अभी तक नाम घोषित न किये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सत्य है कि पिछले छः महीनों के दौरान कथित सौदे के संबंध में सूचना प्राप्त करने के लिये अधिकारियों के बहुत से दल विदेश भेजे गये ।

(घ) यदि हां, तो इस सब में प्रत्येक दल में कितने अधिकारी विदेश भेजे गये, उन्होंने किन-किन देशों का दौरा किया तथा किन-किन तारीखों को दौरा किया ;

(ङ) भारतीय मुद्रा/विदेशी मुद्रा खर्च का अलग-अलग विवरण देते हुये बतायें कि अधिकारियों के दलों पर कितनी धनराशि खर्च की गई ; और

(च) कथित सौदे की जांच के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

प्रधान मंत्री और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : : (क) और (ख) प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि बोफोर्स तोप सौदे में देश के कानून के अनुसार जांच होगी ।

(ग) से (ङ) एक विवरण संलग्न है । [देखिये अतारांकित प्रश्न 1490 (क) से (ग)]

(च) यह बताना संभव नही हैं कि यह जांच कब तक पूरी होगी क्योंकि जांच कार्य कई देशों में चल रहा हैं तथा इसमें कई कानूनी मुद्दे अन्तर्गस्त हैं ।

दिल्ली के स्कूलों में व्यवसायिक पाठयक्रमों के लिए उपस्कर

1625. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा**

श्री राम जेठमलानी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 2 अगस्त, 1990 के "जनसत्ता" में "दिल्ली प्रशासन ने चार हजार छात्रों को सड़क पर ला दिया" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि गत कुछ वर्षों के दौरान कुछ स्कूलों में भिन्न-भिन्न व्यवसायिक पाठयक्रम शुरू किये गये थे ;

(ग) यदि हां, तो क्या इन पाठ्यक्रमों के लिये आवश्यक उपस्कर मशीनरी और औजार आदि की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था कर ली गई थी ; और

(घ) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान इन पर अलग-अलग कितनी-कितनी राशि खर्च की गई ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) दिल्ली प्रशासन द्वारा भेजी गयी सूचना के अनुसार, अधिकांश स्कूलों में प्रबंध कर दिये गये थे ।

(घ) पिछले दो वर्षों के दौरान इन पाठयक्रमों पर खर्च की गई राशि निम्न-लिखित थी:-

1988-89	21.38 लाख रु०
1989-90	45.00 लाख रु०